**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड/
निजी क्षेत्र के संस्थान।

**पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2025/**975 **लखनऊःदिनांक** 13/05/2025

**विषयः– CUET परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 दिनांक 14–05–2025 से 17–06–2025 तक प्रदेश के राजकीय/अनुदानित/ पी0पी0पी0 मोड के अंतर्गत संचालित पालीटेक्निकों के साथ–साथ 16 जनपदों में 29 राजकीय इण्टर कॉलेज/राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सहित कुल 203 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होना प्रस्तावित है।

परिषद के संज्ञान में आया है कि आपके संस्थान में अध्ययनरत् अंतिम वर्ष के परीक्षार्थी परिषद द्वारा आयोजित सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 के साथ–साथ CUET की परीक्षा में भी सम्मिलित हो रहे हैं। ऐसे परीक्षार्थी जिनकी परिषद द्वारा आयोजित उक्त परीक्षा एवं CUET की परीक्षा में Clashing हो रही है अथवा दोनों परीक्षाएं एक ही दिन पर संपन्न हो रही हैं तो अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को सूचित कर दें कि वे CUET की परीक्षा में सम्मिलित हों। ऐसे परीक्षार्थियों की परिषद द्वारा छूटी हुई परीक्षा **दिनांक 18–06–2025 से 25–06–2025 के मध्य** पुनः संपन्न करायी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थी संबंधित संस्था के प्रधानाचार्य को इस संबंध में अपना एक आवेदन पत्र CUET एडमिट कार्ड के साथ दिनांक 20–05–2025 तक प्रस्तुत करेंगे की उन्हें CUET की परीक्षा में सम्मिलित होना है, एवं प्रधानाचार्य ऐसे छात्रों की संकलित सूचना दिनांक 21–05–2025 तक संलग्न निर्धारित प्रारूप पर परिषद की ई0मेल0 आई0डी0 bteanu3@gmail.com पर उपलब्ध करायेंगे।

यह भी अवगत कराना है कि परिषद द्वारा केवल ऐसे परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा जिनके द्वारा CUET की परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण परिषद को प्रस्तुत किया जायेगा। CUET की परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में परीक्षार्थी को पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

कृपया इस संबंध में अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0– प्राशिप/अनु04/2025/**976–79 **तद्‌दिनांक–** 13/05/2025

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, मध्यक्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\cuet exam june 25.docx

## CUET- 2025 Appearing Students Details

**Name of Institution with Code**________________________________________

| S.No. | Branch Name & Code | Student Name | Enrollment No. | Subject -1 with QP Code as Per BTE Admit Card | Subject-2 with QP code as per BTE Admit Card |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| | | | | | |
| | | | | | |

Dated__________ (Principal)

Signature and Seal